दिन– गुरूवार | दिनांक– 27 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने कहा– चार सौ सूचीबद्ध अपराधियों की संपत्ति जब्त की जायेगी। एक हजार दो सौ साठ माफिया की नई सूची भी तैयार।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल और दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से कहा–दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामलों से निपटने के लिए बनाए जाये कड़े कानून।

04. और, पटना के विद्यापति भवन में सड़सठवें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन। प्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी और लोक गायक मनोरंजन ओझा की शानदार प्रस्तुति।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि राज्य में अपराध नियंत्रण के लिए चार सौ सूचीबद्ध अपराधियों की संपत्ति जब्त की जायेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि माफियाओं की सूची और उनसे संबधित दस्तावेज न्यायालय को सौंप दिया गया है। न्यायलय के आदेश के बाद शीघ्र ही इनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि एक हजार दो सौ आठ कुख्यात अपराधियों की एक नई लिस्ट भी बनाई जा रही है।

–––बाइट–––

डीजीपी ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास पिंक पुलिसिंग को और बेहतर किया जायेगा।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर आज एक बड़ी घोषणा की है। श्री कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है कि सभी विभाग सरकारी नौकरी की रिक्तियों से संबंधित अधियाचना इस वर्ष एकतीस दिसम्बर तक सामान्य प्रशासन विभाग को अवश्य सौंप दें। श्री कुमार ने विभिन्न आयोगों और चयन एजेंसियों को अगले वर्ष जनवरी तक नियुक्ति के लिए वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगले पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामलों से निपटने के लिए कड़े कानून बनाए जायें। मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस संबंध में याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों के मामले में कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इसे दंडनीय अपराध बनाने के लिए अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति अधिनियम की तर्ज पर शीघ्र एक कानून बनाया जाना चाहिए।

---

उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार चुनाव में शानदार जीत और नई सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बिहार की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार विकसित बिहार बनाने और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक ताकत से काम करेगी।

---

पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को दस सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के फरमान पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राजद ने इसे वरिष्ठ नेता का अपमान बताते हुए आवास खाली करने से इनकार कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रश्न किया है कि अचानक सरकारी आवास आवंटन के मापदंड में बदलाव की आवश्यकता क्यों पड़ी।

–––बाइट–––

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राजद के नेता अराजकता की भाषा बोल रहें हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री नवीन ने कहा कि आवास आवंटन से अगर कोई शिकायत है तो प्रक्रिया के तहत सरकार से आग्रह किया जा सकता है।

–––बाइट–––

---

कांग्रेस पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार की समीक्षा कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित बैठक में चुनाव में जीते और हारे लगभग सभी उम्मीदवार भाग ले रहे हैं। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, वरीय नेता के.सी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बैठक के दौरान हार के कारणों का विश्लेषण के

साथ ही भविष्य में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।

---

इधर, महागठबंधन की प्रमुख पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने भी विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों की सीटवार समीक्षा शुरू कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने समीक्षा के दूसरे दिन आज शाहाबाद क्षेत्र के प्रत्याशियों के साथ विचार–विमर्श किया। पार्टी में समीक्षा का यह दौर दो चरणों में चलेगा। समीक्षा का पहला चरण तीस नवम्बर तक और दूसरा चरण छह से नौ दिसम्बर तक चलेगा।

---

आकाशवाणी पटना के तत्वावधान में आज सड़सठवां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पटना के विद्यापति भवन में प्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी इस समय अपनी मनोरम प्रस्तुति दे रहे हैं।

–––बाइट–––

सरोद वादन के बाद जाने–माने भोजपुरी लोक गायक मनोरंजन ओझा अपनी प्रस्तुति देंगे। आकाशवाणी पटना की कार्यक्रम प्रमुख नंदिनी वर्मा ने बताया कि यह आयोजन भारतीय संगीत परम्परा की गौरवशाली विरासत है। जिसकी शुरूआत वर्ष उन्नीस सौ चौवन में हुई। श्रीमती वर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन भारत की शास्त्रीय, कर्नाटक और लोक संगीत परम्परा के संरक्षण और प्रसार का प्रतीक बन चुका है।

---

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान –एम्स के अनुसार वयस्कों में होने वाली मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी 50 प्रतिशत से अधिक समस्याएं 14 वर्ष की उम्र में ही शुरू हो जाती हैं। एम्स, नई दिल्ली के मनोरोग विभाग के प्रोफेसर, डॉ. राजेश सागर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि इस आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। डॉ. सागर ने कहा कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलना और सक्रिय रहना अत्यंत आवश्यक है।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज़्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यूआईडीएआई ने यह डेटा भारत के महापंजीयक कार्यालय तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि कोई भी आधार नंबर कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को दोबारा नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर यह आवश्यक है कि उसका आधार नंबर हटा दिया जाए ताकि पहचान में धोखाधड़ी या उस व्यक्ति को मिलने वाले फायदे पाने के लिए ऐसे आधार नंबर के बिना अनुमति के उपयोग पर रोक लगाई जा सके। इस बीच, यूआईडीएआई ने आधार नंबर धारकों से कहा है कि वे मृत्यु पंजीकरण अधिकारी से मृत्यु प्रमाण–पत्र लेने के बाद अपने परिवार के सदस्यों की मौत की रिपोर्ट उल|कींत पोर्टल पर अवश्य सूचित करें। प्राधिकरण ने इस साल की शुरुआत में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से उल|कींत पोर्टल पर 'परिवार के सदस्य की मौत की रिपोर्टिंग' नाम की सुविधा शुरू की थी। समर्थ की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

---

पत्र सूचना कार्यालय –पीआईबी ने आज बताया है कि पाकिस्तानी सोशल मीडिया के कुछ अकाउंट्स पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का डिजिटल रूप से परिवर्तित वीडियो झूठे दावों के साथ प्रसारित किए जा रहे हैं। पीआईबी की तथ्य–जांच इकाई ने बताया कि ये वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता –एआई द्वारा निर्मित हैं और इसे लोगों को गुमराह करने के लिए प्रसारित किया जा रहा है। पीआईबी ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और वास्तविक वीडियो का लिंक भी साझा किया है। सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी संदिग्ध दावे की हमेशा पुष्टि करें और ऐसी सामग्री की तुरंत 918799711259 पर रिपोर्ट करें, या factcheck@pib-gov-in पर ईमेल करें।

---

राज्य के विभिन्न भागों में पश्चिमी हवा के प्रभाव से औसत तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि ठंड और बढेगी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

सीवान जिले के रघुनाथपुर प्रखंड अंतर्गत टारी बाजार में हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े एक आभूषण दुकान से बीस लाख रूपये के जेवर लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे एक अपराधी को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। जबकि पाँच अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक अपराधी को हिरासत में लिया गया है। जबकि लूट कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने साठ–साठ हजार रूपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के वर्षगांठ के अवसर पर शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं और आम लोगों ने बाल विवाह से मुक्ति के लिए संकल्प लिया।

---

बेगूसराय के सदर प्रखंड अंतर्गत सूजा पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपना वेबसाइट बनाया है। अपना वेबसाइट बनाने वाला यह राज्य का पहला विद्यालय है।

शिवहर जिले के तरयानी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवहर–मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर वासठपुर पुल के पास एक कार के ट्रक से भीषण टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

01. राज्य सरकार ने कहा– चार सौ सूचीबद्ध अपराधियों की संपत्ति जब्त की जायेगी। एक हजार दो सौ साठ माफिया की नई सूची भी तैयार।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल और दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से कहा–दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामलों से निपटने के लिए बनाए जाये कड़े कानून।

04. और, पटना के विद्यापति भवन में सड़सठवें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन। प्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी और लोक गायक मनोरंजन ओझा की शानदार प्रस्तुति।

---

समाप्त